वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 334 बुधवार 3 अप्रैल 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर



**नीली रोशनी में नहाया हवामहल**

# भाजपा मतलब विकास और समाधान: पीएम मोदी

## कांग्रेस का मतलब देश की हर बीमारी की जड़; तीसरा टर्म ऐतिहासिक फैसलों वाला होगा




**जयपुर. कासं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान मे भाजपा के चुनावी अभियान की शुरूआत की। जयपुर के पास कोटपूतली में मोदी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। कांग्रेस गठबंधन देश के लिए, अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि देश में भाजपा का मतलब है, विकास और समाधान, लेकिन कांग्रेस का मतलब है- देश की हर बीमारी की जड़। आप देश की कोई बड़ी समस्या देखेंगे तो उसकी जड़ में कांग्रेस पार्टी ही नजर आएगी। सात दशकों तक देश में गरीबी रही, डिफेंस टेक्नोलॉजी में दूसरे देशों की तरफ देखना पड़ा, यह सब कांग्रेस की वजह है। मोदी ने कहा- वो कहते हैं कि मेरा परिवार नहीं है, इसलिए मुझे भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है। उनका परिवार है तो क्या भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? मोदी ने कहा कि बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन दस साल में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होने वाला है। कांग्रेस ने देश को डराकर रखा कि राम मंदिर का नाम लिया तो देश जल जाएगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले और कहीं आग भी नहीं लगी। इस सभा के जरिए वे जयपुर ग्रामीण सहित इससे सटी दो अन्य लोकसभा सीट सीकर और अलवर को भी साधने की कोशिश की। इस लोकसभा चुनाव में राजस्थान में मोदी की पहली सभा थी। प्रधानमंत्री मोदी को लेकर एक अलग उत्साह नजर आया।

### भव्य मंदिर बना, लेकिन आग नहीं लगी : मोदी

मोदी ने कहा कि इन लोगों ने डरा कर रखा कि राम मंदिर का नाम भी लोगे तो देश जल जाएगा। आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले, लेकिन आग नहीं लगी। दस साल में जो हुआ, वो ट्रेलर है। अभी बहुत कुछ बाकी है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णय वाला होने वाला है। लोग कहते हैं कि मोदीजी अब बहुत हो गया, अब आराम करो, लेकिन मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ। मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है।

# तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में निकली घट यात्रा, हुआ ध्वजारोहण









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर। सांगानेर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर गोदीकान नामदेव चौक में तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर घट यात्रा निकाली गयी तथा ध्वजारोहण सहित कई आयोजन किए गए। कार्यवाहक मंत्री अभय लुहाडिया ने बताया कि आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के आशीर्वाद से मुनि सुर्तेश सागर महाराज, मुनि सम्प्राप्त सागर महाराज के सानिध्य में प्रातः घट यात्रा निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश लेकर सहभागिता निभाई। मंत्रोच्चार के बीच वेदी शुद्धि की गई। इस मौके पर लुहाडिया परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात आयोजित धर्म सभा में पाद पक्षालन, शास्त्र भेट, दीप प्रज्वलन समाजश्रेष्ठी केवल गंगवाल, प्रकाश गंगवाल निमोडिया वाले तथा राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के महामंत्री योगेश टोडरका ने किया। इस मौके पर मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि अपनी आत्मा का चिन्तन करने से अपना जीवन भी धन्य हो जाता है। जिनवर का ध्यान करने से निज आत्मा का ज्ञान हो जाता है। सभी को श्रद्धापूर्वक भगवान एवं गुरु की उपासना करनी चाहिए। मंच संचालन प्रतिष्ठाचार्य सनत कुमार जैन ने किया। इस मौके पर समाजश्रेष्ठी विनोद जैन कोटखावदा, केवल गंगवाल, योगेश टोडरका, सुरेश कासलीवाल, कैलाश मलैया आदि का स्वागत आशीष पाटनी, अभय लुहाडिया, प्रदीप ठोलिया आदि ने किया। दोपहर में संगीतमय पंच परमेष्ठी (वास्तु विधान) किया गया। संगीतकार साक्षी जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सौधर्म इन्द्र चेतन - रेखा छाबड़ा, कुबेर इन्द्र मनोज - मीनू बिलाला, यज्ञनायक आशीष - सीमा पाटनी, महामंडलेश्वर सुधीर - डिम्पल अजमेरा, ईशान इन्द्र अभय - अनिता लुहाडिया व सभी इन्द्र - इन्द्राणियो ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। वेदी पुण्यार्जन कर्ता बाबूलाल बोहरा लाखना वाले एवं परिवार जनों का सम्मान किया गया। सायंकाल आरती एवं भक्ति संध्या की गई। वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ का सांगानेर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश टोड़ीवाला ऑक्शन कि 15 जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं की नीलामी पर बैन लगाए सरकारः आचार्य सुनील सागर

श्री दिगंबर जैन मंदिर गोदिकान में हो रहे तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने हेतु आज प्रातः आचार्य 108 श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ का सांगानेर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ, वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के कार्यकारी मंत्री अभय लुहाड़िया के अनुसार आज प्रातः आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज वैशाली नगर में पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न होने पर सांगानेर हेतु विहार यात्रा प्रारंभ किए, सांगानेर रेलवे ब्रिज पर आयोजन समिति द्वारा आचार्य श्री की मंगल आगवानी की गई एवं वही से भव्य शोभायात्रा एवं लवाजमे के साथ आचार्य श्री ससंघ का मंगल प्रवेश प्रारंभ हुआ, समिति के मनोज बिलाला ने बताया शोभायात्रा में सांगानेर संभाग के हजारों साधर्मियो के साथ विभिन्न कालोनियों के युवा मण्डल एवं महिला मंडल सदस्यों ने भाग लिया, जगह जगह पर आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन किया गया, सी टी एस बस स्टेंड से मंदिर संघी जी तक पुष्प वर्षा के साथ मंगल प्रवेश संपन्न हुआ, आचार्य श्री मंदिर संघी जी के दर्शन कर शोभायात्रा के साथ श्री दिगंबर जैन मंदिर गोदिकान पहुंचे जहां धर्म सभा हुई। समिति के आशीष पाटनी के अनुसार धर्म सभा का प्रारंभ मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन से हुआ इस अवसर पर आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज को शास्त्र भेंट किया एवं पाद प्रक्षालन हुआ। धर्म सभा को आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने संबोधित किया। आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 16 अप्रैल को मुंबई के ताज पैलेस में टोड़ीवाला ऑक्शन में 15 जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं की नीलामी को सरकार को रोकना चाहिए और इनके पास ये पुरातन प्रतिमाएं कहां से आई इसकी जांच होनी चाहिए, आचार्य श्री ने उपस्थित समाज को एकजुटता के साथ आदिनाथ से महावीर तक के सभी तीर्थंकरों के जन्म और मोक्ष कल्याण मानने पर जोर देते हुए, सरकार से मांग की की जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर महावीर आदिनाथ की जन्म जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाना चाहिए, वही आचार्य श्री ने सांगानेर के सातों दिगंबर जैन मंदिरों को आपसमे कोरिडोर से जोड़ जिनोद्धार पर जोर दिया। आज के कार्यक्रम में स्थानीय समाज सहित दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद से भी बड़ी संख्या में साधर्मी उपस्थित रहे।

**बाबू लाल जैन ईटून्दा**
**मीडिया प्रभारी**

# केडिया पंचवटी स्थित नव निर्मित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में भव्य वेदी प्रतिष्ठा प्रारम्भ


फोटो : सतीश अकेला



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अजमेर रोड गजसिंह पुरा में स्थित केडिया पंचवटी कालोनी में नव निर्मित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आज से भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तर्गत आज प्रातः वेदी शुद्धि घटयात्रा व याग मण्डल विद्यान प्रतिष्ठाचार्य प्रदुमन शास्त्री के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। घटयात्रा व विधान में पंचवटी एवं कमला नेहरु नगर के साथ आसपास की कालोनियों से बहुत संख्या में भक्त जनों ने पधारकर पुण्यार्जन किया। प्रतिष्ठा महोत्सव के वृम्ह इन्द्र तथा प्रचार मंत्री अनुराग जैन के अनुसार समारोह में झंडा रोहण सौधर्म इन्द्र श्रीमती कमली देवी ' कमलकुमार पुष्पा देवी झांझरी परिवार द्वारा किया गया। सौधर्म इन्द्र नरेन्द्र - उर्मिला देवी जैन ' धन पति कुवेर अविनाश कुमार संगीता देवी तथा यज्ञ नायक के रूप में लंवरलाल जी - कान्तादेवी . ईशान इन्द्र अशोक कुमार - लालमणी वेहरा व सानत कुमार इन्द्र सुरेन्द्र कुमार - बीना देवी ' माहेन्द्र इन्द्र सुनील कुमार - सुनीता देवी ' व्रह्मइन्द्र अनुराग - शुभि जैन अजमेरा के साथ सुकेन्द्र इन्द्र के रूप में विमल कुमार - सुमित्रा देवी परिवार जनों ने अतिशय युक्त पुण्यार्जन किया। ज्ञात रहे मन्दिर में मूलनायक श्री आदिनाथ के साथ श्री पद्मप्रभ ' शान्तिनाथ , एक चौवीसी व श्री महावीर स्वामी की पावन प्रतिमाएँ विराजमान हो रहीं है जिनकी प्रतिष्ठा हाल ही में सम्पन्न वैशाली नगर पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के हाथो से सम्पन हुई है। दिनांक 3 अप्रेल को प्रातः शुभ बेला में भगवान वेदी पर विराज मान किए जाएंगे।




भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP
सह प्रायोजक ARL
सह प्रायोजक समाचार जगत
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉर एवर एवं
प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति, दिगम्बर जैन मन्दिर, जनकपुरी द्वारा
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
रविवार, 7 अप्रैल 2024
प्रातः 9 से 1 बजे तक
स्थानः संयम भवन, दिगम्बर जैन मंदिर, जनकपुरी, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

दीप प्रज्ज्वलनकर्ता
श्रीमती चन्द्रप्रभा जी शाह

संयोजक
अलका सेठी, शीला सेठी, उर्मिला जैन, अनिता बिंदायका

पदम बिलाला अध्यक्ष, देवेन्द्र कासलीवाल मंत्री
प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति मन्दिर जी

शकुंतला-महावीर प्रसाद बिंदायका अध्यक्ष, सुनीता-रमेश गंगवाल सचिव, उर्मिला-राकेश जैन कोषाध्यक्ष, अनिता-कैलाश बिंदायका सयोजंक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉर एवर (शिविर आयोजक)

अमित शाह अध्यक्ष, प्रतीक जैन मंत्री
जैन युवा मंच

## वेद ज्ञान

### जीवन समस्याओं और उलझनों से भरा है

जीवन समस्याओं और उलझनों से भरा है। समय एक जैसा नहीं रहता। सुख है तो दुख भी आने वाले हैं। इस सत्य को पूरी तरह स्वीकार करने वाला व्यक्ति किसी भी अप्रिय स्थिति को अनहोनी समझकर नहीं देखता। ऐसे लोग तलाशने पर शायद बहुत कम मिलें। बहुसंख्या ऐसे लोगों की है, जो विपत्ति आने पर अवाक रह जाते हैं और विचलित हो जाते हैं। यह भ्रम पाल लेना कि जीवन में सदा सुख है, निर्बाधता है, ऐसी सोच विपत्ति के आने पर हमें कमजोर और भयभीत कर देती है। कमजोर और डरा हुआ मन कोई आश्रय, कोई अवलंबन खोजने लगता है स्थिति से निपटने का। ऐसा इसलिए, क्योंकि व्यक्ति का स्वयं पर विश्वास नहीं रहता। जीवन के सत्य से जितनी दूरी होगी, छोटी से छोटी समस्या उतनी ही बड़ी लगने लगेगी। दीनहीनता उतनी ही बढ़ जाएगी। किसी भी समस्या या संकट को अनहोनी की तरह न लेना मन की पहली विजय होती है। विचलित होने से आप विवेकपूर्ण फैसले नहीं ले सकते। सच तो यह है कि स्थितियां ही नहीं, स्वयं अपने जीवन पर भी हमारा कोई वश नहीं है। सभी कुछ ईश्वर के अधीन है। सृष्टि की रचना उसने की है, जीवन भी उसी ने दिया है और जीवन के पल, क्षण तक उसने तय कर दिए हैं। पूरा संसार उसकी इच्छा और आज्ञा में है। 'मैं' एक भ्रम है। इस सोच के व्यक्ति संकट में विचलित नहीं होते। हर समस्या और संकट का मूल कारण हम ही होते हैं और समस्याएं स्वयं के सुधार का अवसर प्रदान करती हैं। मानव जीवन में जाने, अनजाने पाप कर्म होते ही रहते हैं। परमात्मा चूंकि दयालु भी है। इसलिए जब कोई उसकी शरण में जाता है और अपना सर्वस्व अर्पण करके कृपा की आकांक्षा करता है, तब वह उस पर अवश्य दया करता है। ईश्वर करुणा का सागर है, इसलिए कोई उसकी ओर एक कदम चले तो वह कोटि कदम आगे होकर उसे अपने गले लगा लेता है। बातों से नहीं, बल्कि अंतस चेतना में ईश्वर की अनुभूति करके ही उसकी महानता का पता चलता है। जब ईश्वर की महानता समझ में आ जाती है, तब शब्द चुक जाते हैं, वाणी मौन हो जाती है। संकट के समय ईश्वर को अपना सहायक बना लेने से व्यक्ति की राह आसान हो जाती है और वह सहजता से समस्याओं या बाधाओं का सामना करने में सक्षम हो जाता है।

## संपादकीय

# अरुणाचल प्रदेश पर चीन की चालें बेहद घातक

अरुणाचल प्रदेश पर चीन ने एक बार फिर अपनी दावेदारी दिखाने की कोशिश की है। वहां के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अरुणाचल की तीस जगहों के नाम जारी किए हैं। पिछले सात वर्षों में यह चौथी बार है, जब चीन ने अरुणाचल की जगहों के भारतीय नामों को बदल कर चीनी नाम जारी किए हैं। अरुणाचल को वह जंगनान कहता और उसे दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बता कर उसे अपने नक्शे में



दिखाता रहा है। हालांकि भारत ने हर बार उसकी ऐसी हरकतों का पुरजोर विरोध किया और दोहराया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। मगर चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ करने की कोशिशों से बाज नहीं आता। उसके ताजा कदम के पीछे की वजहें समझी जा सकती हैं। पिछले महीने प्रधानमंत्री ने अरुणाचल में सैन्य सुरंग का उद्घाटन किया था, तब भी चीन ने आपत्ति दर्ज की थी। दरअसल, उसी के बाद से चीन को लगता है कि भारत के अरुणाचल वाले हिस्से पर उसके कब्जे की रणनीति अब कामयाब नहीं होने पाएगी, क्योंकि इस सुरंग के खुल जाने से चीन के बहुत करीब तक भारतीय सेना की आसान पहुंच हो सकेगी। प्रधानमंत्री की अरुणाचल यात्रा के बाद अमेरिका ने भी कह दिया कि अरुणाचल को वह भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के जरिए क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करता है। इससे चीन की तिलमिलाहट और बढ़ गई। दरअसल, चीन इसी तरह धौंस-पट्टी से या चोरी-छिपे वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास करता रहा है। गलवान घाटी में उसके सैनिक इसी कोशिश के तहत घुसे थे, जिसे भारत ने पूरी ताकत से नाकाम कर दिया था। हालांकि बताया जाता है कि अब भी भारत के कुछ हिस्सों पर उसने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। मगर इस तरह अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन कर और अपने नक्शे में पड़ोसी देश के हिस्से को दिखा कर कोई देश उस भूभाग का अधिकारी नहीं बन सकता। चीन इस तथ्य को नहीं झुठला सकता कि अरुणाचल को वह जिस तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा बताता है, उस तिब्बत पर उसने खुद अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। अंतरराष्ट्रीय संधि के मुताबिक तिब्बत उसका हिस्सा नहीं, बल्कि स्वतंत्र राष्ट्र है। इस तरह चीन दो-दो भूभागों पर अवैध दावेदारी जताता रहा है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत किस तरह पड़ोसी देशों, खासकर भारत की सीमा से सटे देशों में अपनी उपस्थिति बनाए रखने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाता रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय से छिपा नहीं है। पाकिस्तान, श्रीलंका, मालदीव आदि को वित्तीय मदद पहुंचा कर वह उनके बंदरगाहों आदि पर लंबी अवधि का करार करके कब्जा जमा चुका है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सियासी बहिष्कार

मालदीव के बाद बांग्लादेश में भी भारत के बहिष्कार का जो अभियान कुछ लोग चला रहे हैं, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। ऐसे लोगों को न तो अपने देश का इतिहास मालूम है और न भारत के योगदान का उन्हें कोई ज्ञान है। मालदीव के सत्ताधारी नेताओं और बांग्लादेश के कुछ विपक्षी नेताओं को अपनी स्वार्थपूर्ण राजनीति के अलावा कुछ भी नहीं सूझ रहा है। माले के बाद अब ढाका में भी भारत विरोध की राजनीति का गरम होना हमें सोचने पर बार-बार विवश करता है। विपक्षी बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) लंबे समय से नागरिकों को भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दरअसल, इस प्रमुख विपक्षी दल को लगता है कि भारत सत्तारूढ़ अवामी लीग का समर्थक है और अवामी लीग की जीत में भारत की बड़ी भूमिका है। यह दरअसल, बांग्लादेश के विपक्षी दल की एक बड़ी गलतफहमी है कि भारत सरकार बांग्लादेश में हस्तक्षेप कर रही है। हां, यह जरूर है कि बांग्लादेश की तरक्की में भारत ने यथासंभव सहयोग दिया है और ऐसे समय में बांग्लादेश में जो भी सरकार होगी, वह स्वाभाविक रूप से मजबूत होगी। बांग्लादेश के विपक्षी नेता शायद भूल गए हैं कि जब बांग्लादेश में सैन्य प्रभुत्व बढ़ा था, तब भी भारत ने वहां की राजनीति में हस्तक्षेप नहीं किया था। बहरहाल, बांग्लादेश की सरकार या प्रधानमंत्री ने भारत का बचाव किया है और विपक्षियों के दोहरे रवैये की निंदा की है। दरअसल, बांग्लादेश अगर चाहे भी, तो भारत का बहिष्कार नहीं कर सकता, क्योंकि वहां भारतीय उत्पादों की भरमार है। भारतीय उत्पादों का विरोध व्यावहारिक और सैद्धांतिक, दोनों ही रूपों में अनुचित है। फिर भी न जाने कैसा सियासी लाभ सोचते हुए बीएनपी के वरिष्ठ नेता कबीर रिजवी ने पिछले दिनों अपने कंधे पर पहना हुआ भारतीय शॉल उतार फेंका। भारतीय-कश्मीरी शॉल को फेंकने से पहले उन्होंने यह नहीं सोचा कि वह किस तरह की लड़ाई को बढ़ावा दे रहे हैं। हैशटैग इंडियाआउट और बायकॉट इंडियन प्रोडक्ट्स के नाम पर राजनीति सिवाय गंभीर गलती के और क्या है? विपक्ष के इस अभियान के जवाब में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने विपक्षी नेताओं को चुनौती दी है कि जिस दिन आप (बीएनपी) कार्यालय के सामने अपनी पत्नियों की तमाम भारतीय साड़ियों को जला देंगे, उस दिन मुझे विश्वास हो जाएगा कि आप वास्तव में भारतीय सामान का बहिष्कार कर रहे हैं। बेशक, भारतीय साड़ियों के प्रति बांग्लादेश में स्वाभाविक लगाव है, इससे बचा नहीं जा सकता, मगर बहिष्कार के लिए किसी को भी किसी तरह से उकसाना सही नहीं है। वहां सत्ता पक्ष व विपक्ष, दोनों को समझदारी का परिचय देना चाहिए, ताकि भारतीयों की भावना को किसी भी प्रकार से ठेस न पहुंचे। मालदीव के सत्ताधारी नेता हों या बांग्लादेश के विपक्षी नेता, दोनों को तार्किक ढंग से अपनी शिकायत सामने रखनी चाहिए, ताकि शालीनता के दायरे में भारत पड़ोसी धर्म के अनुकूल सुधार कर सके। किसी अन्य भारत विरोधी देश के इशारे पर फैसला करने के बजाय इन देशों को अपना अतीत, वर्तमान और भविष्य देखना चाहिए। संबंधों में हल्कापन नहीं आए। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। ऐसे में, वहां भारत कदापि राजनीति का विषय न बने।

# कुण्डलपुर में मनाया निर्यापक श्रमण श्री समयसागर जी का मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया



## जैन तीर्थ द्रोणगिरि में दी थी आचार्यश्री ने प्रथम मुनि दीक्षा

**रत्नेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**

कुण्डलपुर। दमोह जिले का सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर में विराजमान संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के अनेक शिष्यों के बीच पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। कुण्डलपुर महामहोत्सव की मीडिया समिति के जयकुमार जलज हटा तथा राजेश जैन रागी बकस्वाहा ने बताया कि इस अवसर पर पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर जी महाराज ने कहा कि आज जेष्ठश्रेष्ठ प्रथम मुनि श्री समयसागर जी



महाराज का 45 वां मुनि दीक्षा दिवस है। समय शब्द के बहुत अर्थ होते हैं। हम सब तो समय का ध्यान करने ही वाले हैं। समय का सदुपयोग करो गुरु मुख से कई बार सुना है। अब हमें समझ में आ रहा है उनके कहे वाक्य का अर्थ। पूज्य मुनि श्री विनम्र सागर जी महाराज ने कई संस्मरण सुनाते हुए बताया कि गुरुदेव ने 10 निर्यापक मुनिराज को संघ की व्यवस्था करने की जवाबदारी दी है। जो सब मिलकर संघ को सुव्यवस्थित करेंगे। जेष्ठश्रेष्ठ प्रथम मुनिराज की मुनि दीक्षा आज ही के दिन बुन्देलखण्ड के सुविख्यात श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के कर कमलों से हुई थी। निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज, मुनि श्री प्रवोध सागर जी महाराज, मुनि श्री प्रशस्तसागर जी महाराज, मुनि श्री निश्चय सागर जी महाराज, मुनि श्री निराकुल सागर जी महाराज, आर्यिकारत्न श्री चिंतनमति माताजी ने पूज्य निर्यापक श्रमण श्री समयसागर जी महाराज के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी मुनिराज, आर्यिका माता जी के साथ बड़ी संख्या में श्रावक, श्राविकाओं की उपस्थिति रही।

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति द्वारा
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
रविवार, 7 अप्रेल 2024
प्रातः 9 से 1 बजे तक
स्थानः- बंजी ठोलिया की धर्मशाला
हल्दियों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
डॉ. शीला जैन अध्यक्ष
पुष्पा सौगानी मंत्री
जौहरी बाजार महिला समिति जयपुर
सम्मानीय अतिथि
श्री श्रवण कुमार, सुनील, सौरभ गोदिका
श्री राकेश लुहाड़िया, श्री शैलेश पांड्या
संयोजक
श्रीमति नीरा लुहाड़िया, तरुणा संघी, विध्या कासलीवाल, सुधा वैद्य, ममता शाह, उमा पाटनी, कविता अजमेरा एवं समस्त महिला समिति की सदस्याएं

# अभिभावकों के लिए आयोजित “पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम”





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 2अप्रैल मंगलवार को महावीर पब्लिक स्कूल,सी- स्कीम जयपुर में प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले नव विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए पैरंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन, समन्वयिका वंदना जैन तथा अभिभावकों ने महावीर स्वामी व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष श्लोकोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे-नन्हे बच्चों ने मनमोहक नृत्य के द्वारा मां सरस्वती व महावीर स्वामी की वंदना की। बच्चों ने योगा, स्केट्स, जूडो, नृत्य, एरोबिक्स, अबेकस, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक, हिंदी व इंग्लिश वोकल म्यूजिक आदि गतिविधियों की झलकियां प्रस्तुत कीं। प्राचार्या ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों,शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों से अभिभावकों को अवगत करवाया और कहा कि हम सभी आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने का संपूर्ण प्रयास करेंगे ताकि वे अपने जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त कर अपना जीवन सफल सकें। अंत में प्राचार्या महोदया ने सभी अभिभावकों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया ।

# जगतपुरा स्थित कच्ची बस्ती के करीब 50 बच्चों को भोजन उपलब्ध करवाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री मुनिसुव्रतनाथ फाउंडेशन के जीवदया कमेटी द्वारा मानव सेवार्थ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शीतलनाथ भगवान के गर्भ कल्याणक एवम् शीतलाष्टमी के शुभ अवसर पर जगतपुरा स्थित कच्ची बस्ती के करीब 50 बच्चों को भोजन उपलब्ध करवाया गया। साथ ही विश्व ऑटिज्म दिवस पर बस्ती के लोगों को इस बीमारी के विषय में जागरूक किया गया। अध्यक्ष मैना जैन ने बताया कि जन्म के कुछ समय बाद बच्चों में इस बीमारी के लक्षण दिखाई देने लगते हैं, जिनका समय पर उपचार करना बहुत जरुरी होता है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी पिंकल जैन, नेहा जैन एवं रितु बड़जात्या, मोना जैन, दीपा जैन, प्रिया जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
दिगम्बर जैन महासमिति सी ईकाई एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैन जयपुर द्वारा
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
रविवार, 7 अप्रैल 2024
प्रातः 9 से 1 बजे तक
स्थानः- मंगलधाम, टोडरमल स्मारक, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
हीरा चन्द बैद अध्यक्ष | कैलाश बख्शी संयोजक | राकेश संघी मंत्री
दिगम्बर जैन महासमिति सी ईकाई
दीप प्रज्वलनकर्ता सीए श्री प्रदीप-सरोज जैन
धनु कुमार जैन अध्यक्ष | हीरा चन्द बैद मंत्री | प्रदीप कुमार जैन कोषाध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैन
Ananta World School
Admission Open, for Contact: 9602013013
Add.: A-6, Calgiri Main Road, Malviya nagar, jaipur

# धर्म आत्मा का सुरक्षा कवच है जो आत्मा को मुक्ति दिला सकता हैः प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज



दासपां. शाबाश इंडिया


धर्म आत्मा का सुरक्षा कवच है जो आत्मा को मुक्ति दिलाता है। मंगलवार को दोसपां के जैन स्थानक मे संत शिरोमणी प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज ने जैन धर्मावलंबियों एवं गांववासियों को धर्मसभा मे उपदेश देतें हुये कहा कि धर्म आत्मा की संरक्षा में महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमें नीतियों और मूल्यों का सही मार्ग दिखाता है और हम धर्म के माध्यम से ही अपनी आत्मा को सुरक्षित कर सकते है। बिना धर्म किये आत्मा को संसार से मुक्ति नहीं मिलती है और अपने कर्म भी नहीं काट सकते है। हमारा जीवन तभी सफल बन सकता है जब हम धर्म आराधना करेगे और सही मार्ग पर चलेंगे तभी धर्म हमारी आत्मा का सुरक्षा कवच बनकर हमे मुक्ति का मार्ग दिला पाएगा। डॉ.वरूण मुनि ने कहा कि धर्म आत्मा के मूल स्वभाव को प्रकट करता है और सही और गलत के बीच अंतर का ज्ञान दिखाता है और आत्मा को संसारी जनजालों के दुखों से हमे सही दिशा दिखाकर मानव फल सफल बनाने का मार्ग दिखलाता है। बालयोगी अखिलेश मुनि ने भजन के द्वारा अपने भाव व्यक्त किये। आयोजित धर्मसभा पधारे किशोर चौधरी, धनपत मूथा, नथमल पौखरना समाज सेवी श्रमणसिंह राठौड़ आदि अतिर्थियो का शिवराज वाणीगोता, कांतिलाल हुंडिया, कांति लाल वाणीगोता, मांगीलाल हिरण, नेमीचंद वाणीगोता, विक्रम हिरण, सुखराज जैतूवाला, हस्तीमल वाणी, नथमल. कोठारी, सुखराज टाणी,चम्पालाल लुंकड, पारसमल जैतूवाला नेमीचन्द वाणीगोता, अशोक हुंडिया आदि पदाधिकारियों ने सोल माला पहनाकर अतिथियो का स्वागत किया। धर्मसभा से पूर्व उपप्रवर्तक अमृतमुनि डॉ.वरूण मुनि महाराज के नासोली से दासपां पधारने पर सकल जैन समाज के दासपां गांववासियों ने अगवानी करते हुये अभिनन्दन किया गया।

# तीर्थंकर आदिनाथ का जन्म कल्याणक बुधवार 3 अप्रैल को

## मुख्य समारोह समोशरण मंदिर कंचन बाग में होगा

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

इंदौर। जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक चैत्र वदी नवमी बुधवार 3 अप्रैल को जैन धर्मावलंबी देशभर में मनाएंगे। इस उपलक्ष में जैन मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रम प्रभात फेरी, अभिषेक, शांति धारा, श्रीजी की पूजन, शोभा यात्रा, भक्तांबर पाठ आदि कार्यक्रम होंगे। मुख्य समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिगंबर जैन समवशरण मंदिर तुकोगंज ट्रस्ट, एवं दिगंबर जैन श्राविकाश्रम ट्रस्ट कंचन बाग के संयुक्त तत्वाधान एवं पंडित रतनलाल जी शास्त्री के निर्देशन में समवशरण मंदिर में होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत मंदिर में प्रातः 6:30 बजे नित्य, नियम पुजन अभिषेक, शांति धारा होगी तत्पश्चात प्रातः 7:30 बजे समव शरण मंदिर से श्री जी की शोभा यात्रा का जुलूस प्रारंभ होकर कंचन बाग एवं रतलाम कोठी होते हुए वापस समवशरण मंदिर आएगा जहां प्रवचन एवं अभिषेक शांति धारा होगी एवं प्रभावना वितरित की जाएगी। जुलूस में आश्रम की ब्रह्मचारी बहने एवं ब्रह्मचारी भैयाजी भी सम्मिलित होंगे। महिलाएं केसरिया वस्त्र एवं महिला मंडल अपने यूनिफॉर्म में और पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र में सम्मिलित हों बैंड बाजों की धुन पर मंगल गीत गाते और जयकारा लगाते हुए पैदल चलेंगे। संध्या 7:30 बजे आरती एवं 8:00 बजे से भजन संध्या होगी। समाज नेत्री श्रीमती रानी दोशी ने समाज जनों से जन्म जयंती समारोह में सम्मिलित होने की अपील की है। यह जानकारी धर्म, समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने दी।




भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP

सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

J B Distributors द्वारा

विशाल रक्तदान शिविर

रक्तदान जीवन दान

GIVE BLOOD GIVE LIFE

शनिवार, 6 अप्रेल 2024
प्रातः 9 से 1 बजे तक

स्थानः- ई-195-ए, कबीर मार्ग, लक्ष्मी प्रकाश गारमेंट्स, मानसरोवर, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

ORGANISER :
Raj Kumar Jain, Neelam Kumar Jain, Arun Somani
Kishan Somani, Atal Jain, Vishwas Jain, Ankit Jain
Amit Jain, Prateek Jain, Gaurav Jain, Yash Jain

CO-ORDINATOR :
Pradeep, Madhu Sudhan Bihani, Sudhanshu,
Ankit, Gaurav Rathi, Pankaj Godha, Abhishek Godha
Ravi Sogani Mehul Sogani, Ashish Jain, Shrawan Jain

# आदिनाथ जयंती पर सरकारों द्वारा रखा जाए सार्वजनिक अवकाश: आचार्य सुनील सागर महाराज



## मुख्यमंत्रीजी से अवगत करा शीघ्र होगी कार्यवाही:- कन्हैया लाल चौधरी केबिनेट मंत्री राजस्थान

## लिव इन रिलेशनशिप मानसिक रूप से पनपी सामाजिक बुराई है

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वैशाली नगर में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी पधारे तो आचार्य श्री सुनील सागर महाराज ने कहा की जैन धर्म में 24 तीर्थंकर हुए हैं जिसमें से भगवान महावीर अंतिम व चौबीसवें तीर्थंकर है जबकि प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जिन्हें ऋषभदेव भी कहा जाता है अतः राजस्थान सरकार द्वारा आदिनाथ जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जाए तो कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने आश्वस्त किया कि मैं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से चर्चा कर इस विषय पर शीघ्र ही कार्रवाई करवाऊंगा। इस अवसर पर आचार्य ने कहा की संपूर्ण जैन समाज को भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक व्यापक व बड़े स्तर पर आयोजित करना चाहिए और साथ ही साथ प्रचार प्रसार करके आम जन तक यह बात पहुंचानी चाहिए कि भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थे।सभी को मिलकर प्रथमेश का जन्म कल्याणक मनाने में पीछे नही रहना चाहिए। वैशाली नगर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव भव्यता के साथ पूर्ण हुआ तो आचार्य सुनील सागर ने सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि लिव इन रिलेशनशिप जैसे रिश्तो की इस समाज में कोई आवश्यकता नहीं है। यह मानसिक रूप से पनपी हुई सामाजिक गंदगी है जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता सभी श्रावको अपने बच्चों में उचित संस्कार प्रदान करने चाहिए यह उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जवानी में हिल हिल कर चलता है और बुढ़ापे में चलने में हिलता है इसलिए जवानी का घमंड ना करें बुढ़ापा सबको आना है। ठंड और घमंड दोनो में एक समानता होती है दोनो में आदमी अकड़ता है एक दिन दोनो का ही शमन होता है। संतो के सानिध्य में रहकर जीवन व्यतीत करिए क्योंकि संतो को देखने मात्र से ही संतत्वआता है।

# प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव आज

## पंचामृत अभिषेक, भव्य रथयात्रा आदिनाथ मंडल विधान के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे



**टोंक. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव श्री दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक में बुधवार को अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा समाज के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रकोष्ठ मंत्री पवन कंटान व कमल सराफ ने बताया कि आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक की शुभ अवसर पर प्रात काल जैन नसिया में 6:30 बजे जलाभिषेक,पंचामृत अभिषेक, दुग्ध शांतिधारा होगी तत्पश्चात भगवान आदिनाथ भगवान की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। समाज के अध्यक्ष भागचंद फूलेता एवं विमल बरवास ने बताया कि तत्पश्चात जैन नसिया से एक शोभायात्रा घंटाघर होते हुए वापस जैन नसिया आएगी।इस रथ पर श्रीजी विराजमान किये जायेंगे बैंड बाजा के साथ मुख्य बाजार में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर की बेला में आदिनाथ भगवान के समक्ष आदिनाथ विधान मंडल का आयोजन होगा। सायकाल सामूहिक वात्सल्य भोजन एवं तत्पश्चात आरती, शास्त्रसभा प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# श्री दि. जैन आदिनाथ मंदिर विवेक विहार, जयपुर में हुआ गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी का भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव, पुरातत्व रक्षिका गणिनी आर्यिका - विज्ञाश्री माताजी का श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर - विवेक विहार जयपुर में भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश सम्पन्न हुआ। विहार के दौरान कल्याण नगर एवं सूर्यनगर तारों की कूट जयपुर की जैन समाज ने माताजी से मंदिर जी में पधारने हेतु निवेदन किया। आर्यिका संघ के सान्निध्य में स्थानीय समाज के लोगों को अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राजस्थान जैन सभा के मंत्री विनोद कोटखावदा, जीर्णोद्धार कमेटी के अध्यक्ष धर्मचंद पहाडिया, कल्याण नगर मालवीय नगर, वरुण पथ, सिद्धार्थ नगर, मंगल विहार, माँग्यावास, सी - स्कीम, जनकपुरी, श्याम नगर, प्रताप नगर आदि कॉलोनियों की समाज के भक्तों ने मंगल विहार कराने का लाभ प्राप्त किया। विवेक विहार समाज ने बैण्ड बाजों के साथ उत्साह पूर्वक पूज्य माताजी की आगवानी की। प्रत्येक घर के द्वार पर भक्तों ने पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य प्राप्त किया। तत्पश्चात प्रवचन सभा का आयोजन हुआ। चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट कर भक्तगण हर्षाये। इसी के साथ नयी कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी हुआ। तत्पश्चात पूज्य माताजी ने सभी को मंदिर एवं समाज के विकास हेतु मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। आगामी 3 अप्रैल 2024 को पूज्य माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री आदिनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव विवेक विहार जयपुर में मनाया जायेगा।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

भगवान महावीर के 2623वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

# राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर की प्रेरणा से

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT | सह प्रायोजक ARL | सह प्रायोजक समाचार जगत

रक्तदान जीवन दान | GIVE BLOOD GIVE LIFE

## श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन कॉलोनी एवं

जय जिनेन्द्र महिला मण्डल एवं सेवार्थ संगठन द्वारा आयोजित

सेहुल कासलीवाल की पुण्य स्मृति में

# विशाल रक्तदान शिविर

**रविवार, 7 अप्रेल 2024 प्रात : 9 से 1 बजे तक**

**स्थान : श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन, किसान मार्ग, टोंक फाटक, जयपुर**

*क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।*

## मानव सेवार्थ रक्तदान करने की अपील

महोदय, सादर अभिवादन।

आज के इस वैज्ञानिक युग में बढती हुई सुविधाएं दुविधाओं का कारण बन रही है। दिन-प्रतिदिन की बीमारियों एवं दुर्घटनाएं मानव जीवन को मौत के मुंह में ले जाने को आतुर है और इन सभी के निदान के लिए दवाईयों के साथ-साथ रक्त की भी नितान्त आवश्यकता रहती है। क्या आप जानते कि आप द्वारा दिया गया रक्त किसी को नया जीवन प्रदान करता है, किसी परिवार के सदस्यों की मुस्कुराहट छीनने से रोकता है, किसी सुहागन को विधवा बनाने से रोकता है, किसी वृद्ध माँ-बाप को बेसहारा होने से रोकता है, खिलते हुए यौवन को असमय ही काल कलवित होने से रोकता है? यदि नही तो आप एक बार रक्तदान करके देखें, किसी को जीवनदान देने की सन्तुष्टि तथा अनुभूति आपको बार-बार रक्तदान करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## रक्तदान कौन और कब कर सकता है?

- एक स्वस्थ स्त्री व पुरूष जिसकी उम्र 18 से 60 साल के बीच हो। • जिसका हिमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से ज्यादा हो।
- जिस व्यक्ति को दमा, मधुमेह, मिर्गी, क्षय, हैपेटाईटिस, यौन रोग, सिफलिस, एड्स आदि न हो।
- जिसका वजन 48 किलाग्राम से ज्यादा हो एवं जिसने 3 महिने के भीतर कोई रक्तदान नहीं किया हो।
- पिछले 6 महिने में कोई बड़ा ऑपरेशन न हुआ हो। • पिछले 7-10 दिनों में कोई बुखार की शिकायत न हो।

## एक सार्थक जीवन के लिए आप क्या जानते है?

- शरीर में लाल रक्तकणों की उम्र 100 से 120 दिन के करीब होती हैं। • प्रतिदिन हमारे शरीर में पुराने रक्त का क्षय होता है तथा नया रक्त बनता है। • हमारे शरीर में लगभग 5 से 6 लीटर रक्त होता है। • मात्र 350मि.ली यानि की पाव भर से कुछ ज्यादा खून एक बार में निकाला जाता है जो कि सिर्फ 24 घंटो में पुन: बन जाता है। • रक्त की आवश्यकता जीवन में कभी भी आपको पड सकती है।
- एक युनिट रक्त चार व्यक्तियों को जीवनदान दे सकता है एवं शरीर रक्त बनाने की फैक्ट्री है। • रक्तदान से कोई दुर्बलता नहीं आती है।
- रक्त जीवन है, रक्तदान करें, जीवनदान के इस महाअभियान में शामिल होवे। • स्वेच्छा से दिया हुआ रक्त किसी को जीवनदान दे सकता है।

## खून किसी कारखाने में नहीं बनाया जा सकता, इसे केवल मानव शरीर ही बनाताहै।

विशेष- रक्तदान करने के पश्चात् आगामी 6 माह में यदि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में आपको रक्त की आवश्यकता हो तो आप हमसे मोबाईल नम्बर 9414078380 पर सम्पर्क कर सकते है। आवश्यकतानुसार रक्त की व्यवस्था की जा सकेगी। तो आइये, इस पुनीत कार्य में भागीदार बने, स्वेच्छा से खुद भी रक्तदान करें तथा दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

| श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन प्रबन्ध समिति | पुण्यार्जक परिवार | जय जिनेन्द्र महिला मण्डल |
|---|---|---|
| अनिल टोंग्या अध्यक्ष, अनिल छाबड़ा मंत्री | श्रीमती माणक देवी जी, श्री दिलीप जी-कामिनी जी, श्री किशोर जी-अरुणा जी, श्री सुनील जी-नीरा जी, अभिनव जी-रुचि जी, अनिकेत जी-सृष्टी जी, अनुराग जी-विशाखा जी, निखिल जी-आयुषी जी, विनिशा, अन्वी, वान्या, ओजस्वी कासलीवाल (फागी वाले) | उषा छाबड़ा अध्यक्ष, मंजू पहाड़िया मंत्री |

**मुख्य समन्वयक:** राजेश छाबड़ा 8107037800, जितेन्द्र पाटौदी 9414250229

**संयोजक:** के सी जैन 9664346424, मनोज रांवका 9414517645

### निवेदक: राजस्थान जैन सभा जयपुर

सुभाष चंद जैन अध्यक्ष | दर्शन जैन मुख्य समन्वयक | राकेश छाबड़ा समन्वयक | राजीव पाटनी मुख्य संयोजक | मनीष बेद महामंत्री

### निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

राजेश-सीमा बड़जात्या अध्यक्ष | अनिल-शशि जैन संस्थापक अध्यक्ष | निर्मल-सरला संघी महासचिव

### आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

मनीष-शोभना लोंग्या अध्यक्ष | राकेश-समता गोदिका संस्थापक अध्यक्ष | राजेश-रानी पाटनी सचिव | दर्शन-विनीता बाकलीवाल मुख्य समंवयक


# आदिनाथ से महावीर सामाजिक एवं धार्मिक पखवाड़ा आज से

## राजस्थान जैन युवा महासभा करेगा भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ ) की जन्म जयंती से जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती तक धार्मिक एवं सामाजिक पखवाड़ा मनाया जाएगा। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक बुधवार, 3 अप्रैल से रविवार, 21 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस पखवाड़े के दौरान युवा महासभा के जयपुर महानगर स्थित पांचों सम्भागों एवं उनके अधीनस्थ 15 जोनों द्वारा प्रतिदिन एक धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के अन्तर्गत नेत्रहीन कल्याण संघ गणगौरी बाजार में नेत्रहीन बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता, धार्मिक चित्रकला प्रतियोगिता, जिन दर्शन यात्रा एवं मानव सेवा कार्य, जीव दया एवं गौ सेवा-परिण्डा वितरण, भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान, पदमपुरा अतिशय क्षेत्र के सामूहिक दर्शन एव जिनाभिषेक यात्रा, भक्ति संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम,निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर, वाद विवाद प्रतियोगिता, कुष्ठ रोगियों की सेवा, दिव्यांगो को ट्राईसाईकिल एवं जयपुर फुट वितरण, अनाथ आश्रम में फल, मिठाई एवं भोजन वितरण, वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों की सेवा, जरुरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरण, नैत्र चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य परिचर्चा सहित कई आयोजन किये जाएंगे। पखवाड़े का समापन महावीर जयंती के दिन शोभायात्रा में शामिल होकर किया जाएगा।

# गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ससंघ ने सूर्य नगर दिगम्बर जैन मंदिर के किये दर्शन

## श्रद्धालुओं ने पाद पक्षालन -आरती कर लिया आशीर्वाद



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 श्री विज्ञा श्री माताजी ससंघ ने मंगलवार को तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन लाभ हेतु मंगल प्रवेश किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा माताजी के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति अध्यक्ष नवीन जैन एवं मंत्री धनेश सेठी ने बताया कि प्रातः माताजी ससंघ का कल्याण नगर के श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार होकर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर महिला मण्डल की अध्यक्ष शांति देवी सोगानी एवं संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, शशि जैन रेवडी वाले के नेतृत्व में महिलाओं ने आर्यिका माताजी के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर आर्यिका संघ की भव्य अगवानी की। मंदिर दर्शन के बाद पूजनीया माताजी ससंघ के सानिध्य में भगवान शांतिनाथ के प्रथम अभिषेक के बाद माताजी के मुखारबिन्द से मंत्रोच्चार के साथ विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा करवाई गई। तत्पश्चात जयकारों के साथ माताजी विहार करते हुए ऋषभ मार्ग पर स्थित कोटखावदा हाऊस पहुची जहां मुन्ना देवी बैद, विनोद - दीपिका जैन कोटखावदा, कुसुम साखुनियाँ आदि ने आर्यिका संघ की भव्य अगवानी करते हुए पाद पक्षालन एवं मंगल आरती की गई । माताजी ने कोटखावदा परिवार एवं उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर विवेक विहार, जनकपुरी, शांतिनगर, सूर्य नगर, कल्याण नगर सहित अन्य कालोनियों के सैकड़ों जैन बन्धुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। माताजी ससंघ बी टू बाई पास होते हुए विवेक विहार के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार कर गई। विवेक विहार के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में माताजी ससंघ के सानिध्य में बुधवार को आदिनाथ जयन्ती समारोह मनाया जाएगा।

# राजस्थान दिवस पर महिलाओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां




**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। विशुद्ध वर्धिनी महिला मण्डल एवं इन्द्रा कालोनी महिला मण्डल द्वारा राजस्थान दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जगह जगह रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने रंगोली बनाने को लेकर बड़चड़कर भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक शशी सोगानी ने बताया कि राजस्थान दिवस पर कई प्रकार के गेम्स खेलें गए। इस अवसर पर महिलाओं ने आकृषक रंगोलिया बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा सामूहिक नृत्य एवं एकल नृत्य आयोजित किए गए जिसमें अध्यक्ष शशी सोगानी नीतू जैन रितु सारसोप नीलम जैन मोना जैन रेखा चंवरिया प्रिती शिवाड़ रिंकू कठमाणा सरिता जैन रितु जैन रेखा जैन सहित अनेक महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी।

## अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...

## सबसे बड़ी व्यथा है सीमित शब्द और असीमित भावनाएं..!



कभी-कभी शब्दों के रिश्ते भी बड़े अजीबो गरीब होते हैं, ऊंचा बोलने और धीमा सुनने से भी चटक जाते हैं। शब्द आपको खुश कर सकते हैं, आपकी खुशामद कर सकते हैं, उत्तेजित कर सकते हैं, नाराज कर सकते हैं, शान्त कर सकते हैं, आप से अपनी मर्जी का काम करवा सकते हैं, आपको भावुक कर सकते हैं। पराये को अपना और अपने को पराये कर सकते हैं। नया जीवन दे सकते हैं, जीना हराम कर सकते हैं, कोई राज छुपा सकते हैं और किसी का राज उजागर भी कर सकते हैं। शब्दों की मदद से, कोई भी काम करवा सकते हैं। हम शब्दों का उपयोग तो हर समय करते ही हैं लेकिन मनुष्यों की इस सबसे बड़ी शक्ति का सही और मौलिक उपयोग कम ही लोग कर पाते हैं। किसी ने छोटी सी बात कही और हम भभक जाते हैं, तुरन्त प्रतिक्रिया देना शुरू कर देते हैं। शब्दों के माध्यम से हम किसी के प्रिय तो किसी के अप्रिय बन सकते हैं। वाणी की प्रभावोत्पादकता हमारे शब्द चयन पर निर्भर करती है। शब्द किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व की, छवि बनाने और बिगाड़ने की सामर्थ्य भी रखते हैं। आज वही व्यक्ति सफल है जो मृदुभाषी हो, विनम्र हो, मिलनसार हो, वाणी-व्यवहार में श्रेष्ठ हो। इसलिए कबीर ने कहा शब्द सम्हारे कर बोलिए, शब्द के हाथ ना पांव.. एक शब्द औषधि करे, एक करे मन घाव...!!! **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**




# आदिनाथ जयन्ती समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन

## जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक (जन्म जयन्ती) आज बुधवार को



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में बुधवार 3 अप्रैल को जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) का जयन्ती समारोह भक्तिभाव से मनाया जाएगा।इस मौके पर सायंकाल भट्टारक जी की नसियां में भव्य आयोजन होगा। मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सायंकाल 7.30 बजे से अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद के नेतृत्व में भट्टारक जी की नसियां में भगवान आदिनाथ की महाआरती के बाद 48 मण्डलीय भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा को मुख्य समन्वयक, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बज एवं जिनेन्द्र जैन जीतू को मुख्य संयोजक बनाया गया है। इस मौके पर आयोजित होने वाले भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान में समाजश्रेष्ठी कपूर चन्द महावीर कसेरा मुख्य मण्डल पर शास्त्र विराजमान करेंगे। समाजश्रेष्ठी अशोक टकसाली मुख्य मण्डल पर दीप प्रज्जवलन कर्ता तथा शिखर चन्द सुप्रिया जैन सारसोप, निर्मल - कमलेश पाटोदी धुवां वाले, प्रमोद - ज्योति बावडी वाले एवं अशोक - विमला पापडीवाल चतुष्कोणीय दीप प्रज्जवलन कर्ता होगें। अनुष्ठान में 48 कालोनियों के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। संगीतकार नरेन्द्र जैन एण्ड पार्टी अपनी प्रस्तुति देगें।

### हुआ पोस्टर का विमोचन

समारोह के बहुरंगीय पोस्टर का 2मार्च को विमोचन समाजश्रेष्ठी सुरेश सबलावत ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बज, अनिल छाबडा एवं जिनेन्द्र जैन जीतू सहित बड़ी संख्या में जैन बन्धु उपस्थित थे।

# संजय रायजादा ''बतियन की गली'' जैसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय talk show में शामिल

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ईश्वर की कृपा ,माता पिता गुरुजन के आशीर्वाद और सभी शुभ चिंतकों की शुभ कामनाओं से मुझे अवसर मिला ''बतियन की गली'' जैसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय **talk show** में शामिल होने का जो कि अति प्रतिभाशाली कलाकारा व संचालिका प्रियदर्शिनी मिश्रा का रचनात्मक **concept** है ये उद्गार प्रसिद्ध गायक संजय रायजादा ने एक इंटरव्यू में व्यक्त किये। संचालिका प्रियदर्शिनी जी बहुत खूबसूरती और सहजता से कलाकार के जीवन की किताब के पन्नों को दर्शकों के सामने लाती है वाकई अदभुत है। मै हृदय से आभार प्रकट करना चाहता हूँ ,परम आदरणीय पं विश्वमोहन भट्ट सर ,प्रियदर्शनी जी ,सर्वेश भाईसाहब ,मैम रेशमा खान जी , बसंत जैटली साहब ,मैम नीता उपाध्याय श्री राजीव भट्ट सर ,प्रिय शेखर श्रीवास्तव, जीबीप्रिय कपिल बालोदिया ,पत्रकार राकेश भार्गव ,चंद्रा ,आनंद टोगनाटा जी,प्रिय रवींद्र प्रकाश गुप्ता, सरोज, प्रिय सुधींद्र भदौरिया, आ .अमित ,ललित शर्मा, अनंत व्यास भाईसाहब ,पं हनुमान सहाय ,सभी पत्रकार साथी ,ृबतियन की गली ृव राजस्थान फोरम की पूरी टीम एवम शो के दौरान मेरा उत्साह बढ़ाने आये सभी सुधी श्रोताओं का विशिष्ट उल्लेख करना चाहूंगा मेरी प्रेरणा जीवन संगिनी अनीता ,बिटिया सुधी ,बेटा शाश्वत ,बहू स्नेहा और मेरी ऊर्जा के स्त्रोत युक्ति और पूरब आप सभी के साथ कुछ खूबसूरत लम्हे साझा कर रहा हूँ जो मेरे लिये अमूल्य हैं।



# वर्षिक उत्कृष्टता समारोह 'त्वेषा टेनेशियस ट्रॉफी' का आयोजन किया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

होटल ओम पैलेस, अजमेर रोड, जयपुर, में त्वेषा - द लाइटेड लैंप ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से वर्षिक उत्कृष्टता समारोह ''त्वेषा टेनेशियस ट्रॉफी'' का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज जी थे। स्वामी जी ने संस्था की फाउंडर जो 16 वर्षीय कन्या हैं जिन्होंने अपनी माता जी के साथ प्रारंभ किया तभी से समाज में परिवर्तन लाना इनका उद्देश्य बन गया उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह सदा ऐसे कार्य करती रहें जिससे लोगों का उत्साह वर्धन किया जा सके। संस्था की संस्थापक त्वेषा ने बताया कि यह वार्षिक समारोह हर वर्ष आयोजित किया जाता है जहां देश-विदेश से लोग एकत्रित होते हैं। चेयरपर्सन रेखा राज ने बताया कि संस्था न सिर्फ सामान्य बच्चों के बल्कि दृष्टिबाधित और विकलांग बच्चों को सहायता प्रदान करती है ' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट के फाउंडर बसंत जैन एवं सोनाहुल प्रॉपर्टीज की डायरेक्टर समाजसेवी ज्योति मिश्रा द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों को नगद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्दन किया ' गेस्ट ऑफ ऑनर:रीना भालोठिया, अनिल सिंह, और सचिन जैन जयपुरी अस्पताल की डॉक्टर आशा लता शर्माप्रसिद्ध समाजसेवी काज्योति , व्यक्तित्वों को विशेष सम्मानित किया गया। मंच संचालन ईरा पांडे द्वारा किया गया। संस्था की सदस्य राखी सिंह , सोनिया शर्मा, मोहिनी खत्री, अयान सांखला, जतिन क जेफ, नव्या सोढ़ानी , अनन्य पांडे यश अग्रवाल के अथक प्रयासों ने कार्यक्रम की सफलता को नया आयाम दिया। यह समारोह समाजिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच था, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना। इस अवसर पर नगर में सेवानिवृत्ति के अनेक पहलुओं की प्रशंसा की गई थी, जो समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। इस समारोह ने समाज में सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया और उत्कृष्ट सेवकों को सम्मानित किया।

# गर्भ कल्याणक मनाया



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद ।दिगंबर जैन धर्मावलंबियों की ओर से मंगलवार को जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का गर्भ कल्याणक श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जैन धर्मावलंबियों की ओर से प्रातः मंदिरों में कलशाभिषेक, शांतिधारा व अष्ट द्रव्यों से विशेष पूजा-अर्चना की गई।

# वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम 4 को

## गौरव टॉवर में शाम 6 से 8 बजे तक होगा कार्यक्रम, ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन और रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के तत्वावधान में 4 अप्रैल गुरुवार को वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन जिला जयपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सुधीर जैन गोधा ने बताया कि जेएलएन मार्ग स्थित गौरव टावर में शाम 6 से 8 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता होंगे वहीं जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और जयपुर नगर परिषद सीईओ जयपुर नगर परिषद शिल्पा सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। गोधा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक भारतीय को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान करना चाहिए। हमें मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदाता भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को चाहिए कि वे अन्य युवाओं को मतदान के लिए जागरूक करें और योग्य उम्मीदवार को चयनित करें। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके जिसके लिए अपने आसपास के लोगों को और जानकारों को भी मतदान करने के प्रति प्रेरित करना चाहिए जिससे एक योग्य सरकार बने जिससे देश और देशवासियों का चहुंमुखी विकास हो। इलेक्शन क्विज मुख्य आकर्षण: कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इलेक्शन क्विज होगी जिसके तहत चुनाव और मतदान संबंधित प्रश्नोत्तरी होगी। क्विज के विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ए. आर. रहमान फेम डॉ. गौरव जैन और गुरुकुल फेम दीपशिखा जैन की संगीत प्रस्तुतियां भी होगी। कार्यक्रम में इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन जिला जयपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सुधीर जैन गोधा, सेक्रेटरी सीए संजय पाबुवाल, रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन रोटेरियन राजेश गंगवाल, सेक्रेटरी रोटेरियन कमल बड़जात्या, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के कोषाध्यक्ष आर.के. गुप्ता, रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के कोषाध्यक्ष रोटेरियन संजय अग्रवाल, लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन ओ.पी. गगगड़, फोर्टी के पेट्रोन सुरजाराम मील, जेएसजीआई एफ नार्थ रीजन के चेयरमैन महेंद्र सिंघवी भी उपस्थित रहेंगे।

प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभ देव जी जन्मकल्यानक शुभवसर पर

# पुत्र भरत से राष्ट्र है भारत

इंजिनियर अरुण कुमार जैन



जन्मकल्यानक युग विभूति का,
युग स्वामी अभिराम.
प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी,
कोटि -कोटि प्रणाम.
कुलकर अज, नाभि घर गूंजा,
शुभ, मंगल यश गान,
माँ मरुदेवी जी आँगन में,
ऋषभ श्री आव्हान.
भोग भूमि में रहते थे सब,
न था कुछ भी ज्ञान.
पशु सम जीवन था जन -जन का,
किया कर्म आव्हान.
असि,मसि,कृषि संग शिल्प,अंक का,
दिया धरा को ज्ञान.
कर्म प्रणेता, ज्ञान प्रणेता,
कोटि -कोटि प्रणाम.
भवन, नगर, विद्यालय, संस्कृति, नवयुग का आव्हान,
भरत, बाहुबली, ब्राम्ही, सुंदरी,
तात श्री, गुणखान.
बल, बुद्धि, कौशल प्रयोग से,
अयोध्या स्वर्ग बनायी,
पुण्य भूमि, श्री भूमि धरा की,
यह नगरी कहलायी.
चले योगपथ,भोग को तजकर,
वर्षी तप को धारा,
पुत्र बाहुबली ने अपनाकर,
मोक्षमहल पद पाया.
पुत्र भरत से राष्ट्र है भारत,
वेद, पुराण बताते,
आर्यावर्त के सृजनकार की,
यश गाथा को गाते.
कठिन तपस्या, प्रेरक जग को,
मोक्षमहल पधराये,
'प्रथम तीर्थंकर 'इस वसुधा के,
ऋषभदेव कहलाये.
अजितनाथ से वर्धमान तक,
रत्न, धर्म,संस्कृति के,
राम, कृष्ण, हनुमान वीर भी,
इनके पथ पर चलते.
कण-कण यश गाथा दुहराता,
सरिता, सागर गाते,
गगन, पवन, शिखर, सरोवर,
पल-पल शीश झुकाते.
जन्मकल्यानक दिवस पर करते,
कोटि नमन व वंदन,
'युगश्रेष्ठ' 'प्रथम तीर्थंकर'
प्रभु ऋषभदेव जी वंदन.

अमृता हॉस्पिटलः फरीदाबाद मो.7999469175

# जौहरी बाजार दिगंबर जैन महिला समिति द्वारा रविवार 7 अप्रैल को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

## पार्षद कुसुम यादव ने किया रक्तदान शिविर पोस्टर का विमोचन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जौहरी बाजार दिगंबर जैन महिला समिति द्वारा रविवार 7 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। महिला समिति की अध्यक्ष डॉक्टर शीला जैन व मंत्री श्रीमति पुष्पा सोगानी ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन तथा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के तत्वावधान में रविवार 7 अप्रैल को प्रातः 9 से 2बजे तक मानव सेवार्थ जोहरी बाजार घी बोलो के रास्ते स्थित बंजी ठोलियो की धर्मशाला में मानव सेवार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा।रविवार, 7अप्रैल को होने वाले रक्त दान शिविर के पोस्टर का विमोचन क्षेत्रीय पार्षद कुसुम यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य संयोजक -नीरा लुहाड़िया कविता अजमेरा ,उमा पाटनी ममता शर्मा , अर्चना पाटनी को सयोजक बनाया गया हैं।

# पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़ (बिल्लू बन्ना) का स्वागत



जयपुर. शाबाश इंडिया

पिंक सिटी प्रेस क्लब के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विजयी होने पर समाचार जगत के चीफ रिपोर्टर वीरेंद्र सिंह राठौड़ बिल्लू बन्ना का स्वागत आज समाचार जगत परिवार द्वारा किया गया । इस अवसर पर अध्यक्ष राठौड़ ने समाचार जगत के प्रबंधकों का आभार व्यक्त किया। ये विदित है कि वीरेंद्र सिंह राठौड़ पांचवीं बार प्रेस क्लब के अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने अभय जोशी को बड़े मार्जिन से हराया। समाचार जगत से चक्रेश जैन और पवन जैन ने उनका साफा और माला पहनकर अभिनंदन किया।

# चांदखेड़ी में ध्वजारोहण के साथ दो दिवसीय मैले का हुआ शुभारम्भ



**चांदखेड़ी. शाबाश इंडिया**

चैत्र कृष्ण नवमी श्री आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव चन्द्रोदय तीर्थ चांदखेड़ी मे धुमधाम से मनाया जायेगा इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आज भगवान के अभिषेक शान्तिधारा के पश्चात ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ वात्सल्य भोज के पश्चात प्रबन्ध कार्यकारिणी की साधारण सभा की बैठक शुरू हुई जिसकी अध्यक्षता हुकम जैन काका ने की व विशिष्ट अतिथि



के रुप में निति आयोग की सदस्य अर्चना जैन उपस्थित रही।मंगलाचरण व दीपप्रज्वलन के साथ साधारण सभा की बैठक शुरू हुई। महामंत्री नरेश जैन वेद ने पिछली बैठक की समीक्षा की इसके पश्चात उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव व क्षेत्र की प्रगति मे विचार प्रस्तुत किए जिसकी अध्यक्ष हुकम काका ने अनुमोदना की जिसमें अर्चना जैन के समक्ष खानपुर होकर रेल्वे लाइन का प्रस्ताव रखा इसके सन्दर्भ मे अर्चना जैन ने कमेटी को आस्वस्त किया कि वह इस प्रस्ताव को रेल मन्त्रालय तक पहुचायेगी। इसके पश्चात क्षेत्र पर चल नि रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कमेटी के सभी सदस्यों ने पाडाखोह जाकर वहां पर चल रहे जिर्णोद्धार कार्यों को अवलोकन किया। कल प्रात 9 बजे श्री जी को रथ मे बिठाकर नगरभ्रमण किया जायेगा।

**–अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

# आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज ने सूक्ष्म लेखन की कलाकार श्रीमती नीरू छाबड़ा द्वारा बनाई कृति ''भरत से भारत'' का अवलोकन किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज ने सूक्ष्म लेखन की कलाकार श्रीमती नीरू छाबड़ा द्वारा बनाई कृति ''भरत से भारत'' देख आशीर्वाद दिया। ब्रश से 441 चावलों पर लिख कलाकृति बनाई। कलाकार ने प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के पुत्र ''भरत'' के नाम से प्रचलित ''भारत'' देश के मानचित्र के सीमांकन पर 'भरत' का अक्षत पर परिचय मानचित्र के मध्य में 'भरत से भारत' के संबंध में अग्नि पुराण ,ब्रह्मांड पुराण, महापुराण, स्कंद पुराण, श्रीमद् भागवत, वासुदेवहिंडी, विष्णु पुराण आदि से प्राप्त उपकरणों का अक्षत पर अंकन कर कलाकृति बनाई है।

# दिगंबर जैन समाज बैंकॉक में वेदी प्रतिष्ठा सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर बैंकॉक थाइलैंड में नूतन वेदी नवीनीकरण का वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 28 से 31 मार्च 2024 तक आयोजित हुआ। अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महराज की प्रेरणा व आशीर्वाद से हुए इस आयोजन में कई धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न हुई। इस मौके पर मुलनायक भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के बीच अभिषेक हुए। इस बारे में जानकारी देते हुए महेश काला ने बताया कि महोत्सव की समस्त क्रियाएं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध विद्वान डॉ कमलेश जी शास्त्री वाराणसी ने सम्पन्न करवाई। मंदिर अत्यंत सुंदर वेदी का निर्माण मंदिर वास्तुविद राजकुमार जी कोठारी जयपुर के निर्देशन में हुआ।

# श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जैन मन्दिर संघीजी में श्री आदिनाथ जन्मोत्सव के लिए आचार्यश्री सुनील सागर ससंघ का मंगल प्रवेश





## आज निकलेगी रथयात्रा


**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जैन मन्दिर संघीजी सांगानेर में श्री आदिनाथ जयंती महोत्सव के लिए परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश मंगलवार को जयकारों के बीच हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। महोत्सव के तहत अगले दिन बुधवार को सुबह 7.15 आदिनाथ जयंती महोत्सव के लिए रथयात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव की जानकारी देते हुए मंदिर प्रबंध समिति के मानद मंत्री नरेन्द्र पांडया ने बताया कि महोत्सव के तहत मंगलवार को सुबह देवाधिदेव भगवान आदिनाथ की कलशाभिषेक व शांतिधारा की गई। इसके बाद परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पद प्रच्छालन व आरती उतारकर संग की अगवानी की। इस दौरान आसमान को श्रद्धा और आस्था के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। संघ विभिन्न मार्गो से होता हुआ मंदिर के मुख्य द्वार पहुंचा,जहां पर मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियां ने पद प्रच्छालन व आरती उतारी। इसके बाद संग में मंदिर जी में जाकर श्रीजी के दर्षन किए। इसीदिन दोपहर में संगीतमय भक्तामर विधान हुआ। शाम को 2100 दीपकों से दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया,जो सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। पांडया ने बताया कि महोत्सव के तहत बुधवार को आदिनाथ जयंती के अवसर पर सुबह 7.15 बजे मंदिर संघी जी से भव्य लवाजमें के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सांगानेर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सीटी बस स्टेंड होती हुई मंदिर आकर समाप्त होगी। इसके बाद ध्वजारोहण व देवाधिदेव भगवान आदिनाथ की कलशाभिषेक व शांतिधारा होगी। इसके बाद आचार्यश्री के मांगलिक प्रवचन,अतिथियों को सम्मान के बाद आचार्य संघ की आहार चर्या, व साम को 1008 दीपकों से भव्य आरती की जाएगी।

# अगर माता पिता आदर्श सन्तान को जन्म देना चाहती हैं तो उन्हें स्वयं आदर्श बनना होगाः मुनि श्री प्रतीकसागर

**आगरा. शाबाश इंडिया**

सकल दिगंबर जैन समाज नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी तत्वावधान में आगरा के नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रताप तीर्थंकर श्री 1008 ऋषभनाथ भगवान के जन्म कल्याणक एवं रथयात्रा महोत्सव के पावन अवसर पर संगीतमय में ऋषभकथा का आयोजन चल रहा है ऋषभकथा के दूसरे दिन 2 अप्रैल को मुनि श्री प्रतीकसागर जी ने धर्मसभा में बोलते हुए कहा कि पति और पत्नी के रिश्ते तीर्थंकर ऋषभदेव के माता पिता नाभिराय व मरुदेवी जैसे मधुर और एक दूसरे को सम्मान देने वाले होने चाहिये, उन्होने बताया कि जब भी महारानी मरुदेवी राजदरबार में महाराजा नाभिराय से कुछ कहने जाती थीं तो वह उनका खडे होकर स्वागत करते थे और अपने आसन के बांये तरफ आसीन करते थे उन्होने इस प्रकरण से सीख लेने की बात कहते हुए कहा कि पत्नी अर्धांगनी केवल कहने के लिए नहीं है, हर तरह से वह पति के सुख, दुख सम्पत्ती की आधी की मालिक होती है पती और पत्नी का रिश्ता ठन्डा और गरम का मिश्रण होना चाहिए जब कभी एक का मिजाज गरम तो दूसरे को अपना मिजाज ठन्डा रहना चाहिए! अगर आज का ग्रहस्थ आदर्श संतान चाहता है तो उसे स्वयं को आदर्श साबित करना होगा, पती और पत्नी सदैव एक दूसरे से अच्छा संवाद कायम रखें इससे पूर्व कल सांयः कालीन श्रषभ कथा मे



उन्हीने कहा कि जब सोलह कारण पवित्र भावना भाने मात्र से तीर्थंकर का जन्म होता है तो अच्छी सुन्दर भावना भाने से ही अच्छी सन्तान का जन्म होता है! उन्हीने आदिपुराण का उललेख करते हुए बताया कि गर्भवती माता के गर्भस्त शिशु को गर्भधारण करते ही मन्दिर मे पूजन पाठ कर गभार्धान संस्कार क्रिया करनी चाहिए, इसी प्रकार तीसरा माह पूर्ण होने पर प्रीती क्रिया,पांचवें माह पर शुभप्रीती क्रिया व सातवें माह घ्रती क्रिया संस्कार किए जाते हैं शास्त्रोक्त क्रियोओं से तीतर नहीं तीर्थंकर जैसा बालक जन्मता है !कल सन्ध्या की सभा मे राज्य सभा सासंद श्री नवीन जैन भक उपस्थित रहे, उन्होने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की और मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त कियो आज का मंगलाचरण बालिका मन्डल ने एवंव दीप प्रज्वलन व शास्त्रदान जगदीश प्रसाद जैन, मनोज जैन बल्लो,अशोक जैन एलआईसी,राजेश जैन सेठी गया, अमित जैन बोबी,अनिल जैन ऋछक,समकित जैन आदि ने कियो इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश जैन गया वाले, महामंत्री अशोक जैन, मुख्य संयोजक मनोज जैन बाकलीवाल, बॉबी जैन,अखिल जैन,जगदीश प्रसाद जैन,मनोज जैन बल्लों,अजय जैन, अरबिंद जैन,संजू जैन,मधुप जैन, मुकेश जैन,जे.के.जैन,सौरभ जैन, विनीत जैन,अनिल जैन,समकित जैन, शुभम जैन,मीडिया प्रभारी राहुल जैन एवं सकल जैन समाज मौजूद था। मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया कि 3 अप्रैल को प्रातः 7:00 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी से भव्य श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी।